शराबखोरी | सिंगोड़ी का मामला, दहशत में मजदूर और ग्रामीण

# जल निगम की पानी टंकी बनी शराबियों का अड्डा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगोड़ी, 30 अगस्त, स्थानीय राजस्व मंडल कार्यालय के सामने जल निगम द्वारा बनाई जा रही पानी टंकी का परिसर शाम ढलते ही शराबियों का प्रमुख अड्डा बनता जा रहा है। शाम होते ही यहाँ असामाजिक तत्वों और शराबियों की महफिल जमने लगती है, जिससे आसपास के क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया है।**





सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस नशाखोरी में क्षेत्र की युवा पीढ़ी तेजी से लिप्त हो रही है। नशे में धुत युवक न केवल एक-दूसरे से गाली-गलौज और मारपीट करते हैं, बल्कि सरेराह शराब की खाली बोतलें फोड़कर उत्पाद मचाते हैं। शराबियों की इस दबंगई और हुड़दंग के कारण पानी टंकी का निर्माण कर रहे मजदूरों और कारीगरों में भारी खौफ व्याप्त है। मजदूरों को हर समय किसी अनहोनी का डर सताता रहता है, जिससे उनका काम करना भी दुश्वार हो गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि ये शराबी पुलिस प्रशासन और कानून व्यवस्था को पूरी तरह से ठेंगा दिखा रहे हैं। सरेआम हो रही इस नशाखोरी और उपद्रव पर यदि समय रहते पुलिस प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया और सख्त कदम नहीं उठाए, तो यहाँ कभी भी कोई बड़ी और अप्रिय घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने पुलिस विभाग से मांग की है कि शाम के समय उक्त स्थान पर गश्त बढ़ाई जाए और सार्वजनिक स्थान पर नशा करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# गणेश चतुर्थी नजदीक आते ही प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

**नवभारत न्यूज**

**बिछुआ, 30 अगस्त, गणेश चतुर्थी पर्व नजदीक आते ही नगर में मूर्तिकार भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। मूर्तिकार सुरेश कटारे भी विभिन्न आकारों की गणेश प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। प्रतिमाओं पर रंग-रोगन और सजावट का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है।**



मूर्तिकार सुरेश कटारे ने बताया कि इस वर्ष प्रतिमा निर्माण में लगने वाली मिट्टी, रंग, सजावटी सामग्री और अन्य सामान के दाम बढ़ने से लागत में काफी इजाफा हुआ है। महंगाई का असर प्रतिमाओं की कीमतों पर भी पड़ा है। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए उचित कीमत पर प्रतिमाएं तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गणेश चतुर्थी को लेकर लोगों में उत्साह है और प्रतिमाओं की मांग भी बढ़ रही है। मूर्तिकारों को उम्मीद है कि इस बार अच्छी बिक्री होगी।

# मोया-खैरीमली सड़क के बदहाल हाल, बारिश में आवागमन मुश्किल

**नवभारत न्यूज**

**बिछुआ, 30 अगस्त, ग्राम मोया से खैरीमली जाने वाली सड़क बारिश के चलते बदहाल हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढों में पानी भर गया है और कीचड़ के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है।**



ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। यह मार्ग किसानों और ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सड़क का जल्द निर्माण कराने की मांग की है। बारिश के दौरान सड़क की स्थिति और खराब होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

# सिंगोड़ी में हर्षोल्लास से मनाया गया भुजलिया पर्व

**नवभारत न्यूज**

**सिंगोड़ी, 30 अगस्त, सिंगोड़ी का प्रसिद्ध और ऐतिहासिक भुजलिया पर्व रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सांसद अमरवाड़ा विधायक सहित चौरई व छिंदवाड़ा के पूर्व विधायको और जनप्रतिनियों ने शिरकत की। इस दौरान भव्य चलसमारोह में आला ऊदल की सेना निकली तथा युवक डीजे की धुन में जमकर थिरके। युवाओं और बच्चों ने अखाड़े में एक से बढ़ कर एक कर्तव्य भी दिखाए।**



गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सिंगोड़ी में जिले का सबसे बड़ा भुजालिया पर्व मनाया जाता है जहां पर सैकड़ो गांव के ग्रामीण इस आयोजन में सामिल होते है। आयोजन में सार्वजनिक भुजलिया उत्सव समिति सिंगोड़ी के तत्वाधान में विशाल भुजलिया उत्सव का चल समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर में सुबह से ही ग्राम के जीवित समाधि स्थल पंथ श्री सुरूति सनेही नाम साहेब के जीवित समाधि स्थल कबीरवाड़ा के प्रांगण में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों जनप्रतिनिधियों और सामाजिक तथा गणमान्य नागरिकों का स्वागत मंच पर सार्वजनिक भुजलिया उत्सव समिति सिंगोड़ी के द्वारा किया गया। वही मुस्लिम समाज ने भी चल समारोह में समिति के सभी पदाधिकारियों और कार्यक्रम में सामिल सभी लोगो का स्वागत सत्कार किया जिससे सामाजिक एकता अखंडता का बहुत सुंदर माहोल दिखा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शासन प्रशासन के अधिकारी और स्थानीय पुलिस बल मौजूद था।

# सद्भावना भुजलिया उत्सव में शामिल हुए सांसद बंटी साहू

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 30 अगस्त, सद्भावना भुजलिया उत्सव समिति के द्वारा लोनिया करबल छिंदवाड़ा में भुजलिया उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू मुख्य अतिथि के रूप से शामिल हुए।**

इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भुजलिया उत्सव सनातन धर्म का एक महान पर्व है, जो हमारी संस्कृति, परम्परा और आपसी एकता का प्रतीक है। यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-जोल और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर भी है। भुजलिया का यह पर्व हमारी गौरवशाली संस्कृति और अटूट परंपरा का प्रतीक है। यह त्योहार फसलों की खुशहाली, पर्यावरण के सरंक्षण और आपस में प्रेम बांटने का संदेश देता है। कार्यक्रम को महापौर विक्रम अहके सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर सद्भावना भुजलिया उत्सव के संरक्षक गयासुद्दीन पाशा, शंकरराव हिवसे, पार्षद धनराज भावरकर, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजु नरोटे, भरत भुषण चौधरी, पप्पू ठाकुर सहित आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बंडी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# मन की बात कार्यक्रम के दौरान एकजुट हुए भाजपा बूथ कार्यकर्ता और वार्ड वासी

**नवभारत न्यूज**

**जुन्नारदेव, 30 अगस्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 137वें संस्करण को वार्ड क्रमांक 7 के बूथ क्रमांक 228 में कार्यकर्ताओं और वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक सुना और देखा।**



कार्यक्रम का आयोजन शक्ति केंद्र प्रभारी प्रमोद बंदेवार के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष कमलेश मसराम के निवास स्थान पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं नागरिक इरफान खान, आयुष मौर्य, अनिकेत रनसूरे, अरविन्द रनसूरे, आयुष झरबडे, पवन मौर्य, कमलेश खातरकर, हरीश झरबडे सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र निर्माण, विकास, सामाजिक सरोकारों और जनभागीदारी से जुड़े विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरणा लेते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# मथुरा-वृंदावन तीर्थ यात्रा के लिए छिंदवाड़ा से 196 तीर्थ यात्री रवाना

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 30 अगस्त, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत रविवार को छिंदवाड़ा रेल्वे स्टेशन से जिले के 196 यात्रियों को लेकर मथुरा-वृंदावन तीर्थ स्थल के लिये विशेष ट्रेन रवाना हुई। छिंदवाड़ा-पांढुर्णा सांसद विवेक बंटी साहू व अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रियों की ट्रेन को रवाना किया।**

इस अवसर पर छिंदवाड़ा-पांढुर्णा सांसद श्री साहू ने रेलवे स्टेशन छिंदवाड़ा पर तीर्थ यात्रियों का पुष्पमाला से स्वागत किया तथा सभी वरिष्ठ तीर्थ यात्रियों को मथुरा-वृंदावन की पावन तीर्थ यात्रा के लिए मंगलमय एवं सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं। तीर्थ यात्रा में छिंदवाड़ा जिले से 196 तीर्थ यात्री, 4 अनुरक्षक, 1 चिकित्सक, 1 फार्मासिस्ट एवं 5 सुरक्षाकर्मी यात्रियों की सुविधा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए साथ रवाना हुए हैं। यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित दल भी उनके साथ रहेगा। इस विशेष तीर्थ यात्रा में छिंदवाड़ा जिले के साथ-साथ सिवनी, पांढुर्णा एवं बैतूल जिले के तीर्थ यात्री भी सम्मिलित होकर मथुरा-वृंदावन के पावन तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिये रवाना हुए हैं।

# अनूठा संगम : डुंगरिया में हिंदू बहन ने मुस्लिम भाई को बांधी राखी

**नवभारत न्यूज**

**जुन्नारदेव, 30 अगस्त, डुंगरिया में रिश्ते की अनोखी मिसाल देखने को मिला जहां देश भर में रक्षाबंधन पर्व को लेकर बहने अपने भाईयों को राखी बांधने की परम्परा को सदैव निभाने के लिए तैयार रहती है। भारतीय धर्म-संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है।**



यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बाँधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बन्धन बाँधती है, जिसे राखी कहते हैं। इस शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत पनारा स्थित योगेश वैष्णव एवं आरिफ खान को बहन ने रक्षा सूत्र बांधा। भाइयों ने भी अपनी बहन की रक्षा करने का वचन दिया साथ ही बहन के द्वारा अपने भाइयों के प्रति प्रेम को मजबूत किया। बहन ने अपने भाइयों को आशीर्वाद देते हुए स्वस्थ और कामयाब होने का आशीर्वाद दिया।

# मेहरा डेहरिया समाज समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 30 अगस्त, मेहरा डेहरिया समाज छिंदवाड़ा सामाजिक भवन में आज समाज के उत्थान, संगठन के विस्तार और सद्भाव की मिसाल पेश करती एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।**

प्रदेश अध्यक्ष जागेश्वर सुरजे के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, कुसमेली मंडी रोड स्थित सामाजिक भवन का आगामी प्रभार जिला अध्यक्ष गोपाल डेहरिया को आधिकारिक तौर पर सौंपा गया इस अहम बैठक में समाज की नींव को और अधिक मजबूत करने के लिए कई दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। भवन निर्माण कार्य को गति देने के लिए प्रथम तल (फर्स्ट फ्लोर) के निर्माण को लेकर रूपरेखा तैयार की गई, जिसपर उपस्थित सभी स्वजनों ने अपनी सहर्ष सहमति दी। इसके साथ ही, मातृशक्ति को सशक्त और संगठित करने पर विशेष जोर दिया गया, क्योंकि किसी भी समाज की तरक्की उसकी महिलाओं की मजबूती के बिना अधूरी है। इसी कड़ी में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ऊर्जावान और सक्रिय सामाजिक बंधुओं को नई जिम्मेदारियां सौंपने का निर्णय लिया गया, जिससे समाज का हर वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। आज की इस बैठक का सबसे बड़ा और सराहनीय कदम श्मेहरा डेहरिया समाज परिवार परामर्श संगठन का गठन रहा।

# किसानों के बीच पहुंचा 'मन की बात' का संदेश, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी ने किसानों के साथ सुना कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 30 अगस्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का रविवार को भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिलेभर में किसानों के साथ श्रवण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी विचारों और जनहित से जुड़े संदेशों को किसानों ने ध्यानपूर्वक सुना।**



इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिला छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी ने चौरई विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 108, सांख में किसान बहनों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। इस अवसर पर शैलेंद्र रघुवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' के माध्यम से देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करते हैं। उनके विचार और प्रेरणादायी संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा का उद्देश्य किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझना, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक किसान तक पहुंचाना तथा किसानों को संगठित और सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए किसान मोर्चा सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान किसान बहनों एवं कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

# भाजपा जिला कार्यालय में सुना गया पीएम की 'मन की बात' का 137वां संस्करण

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 30 अगस्त, भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को जिला महामंत्री विजय पांडे, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, कार्यालय मंत्री भारत घई, जिला मंत्री श्रीमती नीलू निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा धर्मेन्द्र मिगलानी सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें संस्करण को देखा एवं सुना।**

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों के साथ साझा किए गए विचारों और प्रेरक प्रसंगों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि 'मन की बात' देशवासियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने और जनभागीदारी को मजबूत करने का सशक्त माध्यम बन चुका है। जिला महामंत्री विजय पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संबोधन देशवासियों में नई ऊर्जा, राष्ट्र प्रेम और जनभागीदारी की भावना का संचार करता है। 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के संकल्प, सामर्थ्य और सहभागिता का उत्सव है।

पर्व | भुजरिया उत्सव के दौरान बंधा ताल में उमड़ा जन सैलाब

# प्राचीन संस्कृति और सभ्यता का अनूठा संगम है भुजालिया पर्व

**नवभारत न्यूज**

**जुन्नारदेव, 30 अगस्त, नगर में रविवार 30 अगस्त को स्थानीय बंधा ताल में भुजलिया मेले का आयोजन धर्म जागरण समन्वय समिति द्वारा किया गया। शंकर लाल सेन विधि प्रमुख ने बताया कि सावन महीने की पूर्णिमा को रक्षाबंधन मनाने के बाद दूसरे दिन भाद्रपद महीने की प्रतिपदा को भुजरिया पर्व मनाया जाता है। इसको कजलिया पर्व भी कहा जाता है।**



28 अगस्त को रक्षाबंधन मनाकर अगने दिन भुजलिया जल स्त्रोत के पास भरती है जहां लोग खेल खिलौने मिठाई और अन्य सामान की दुकान लगती है। हास्य-व्यंग्य के इस पर्व में दो टीमें नदी के बीचोंबीच उतर के भुजलिया का आनंद उठाते हैं और अंत में एक-दूसरे से मिलकर गेहूं की भुजरिया देते हैं और उन्हें भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं देते हैं। कहा जाता है यह पर्व अच्छी बारिश होने, फसल होने, जीवन में खूब सुख-समृद्धि आने की कामना के साथ मनाया जाता है। हालाँकि इस दिन लोग एक-दूसरे को धन-धान्य से भरपूर होने की शुभकामना के संदेश देते हैं। यह पर्व बुंदेलखंड में सबसे ज्यादा धूमधाम से मनाया जाता है। गेहूं और जौ के दानों से भुजरिया उगाई जाती हैं और इसके लिए सावन के महीने की अष्टमी और नवमीं को बांस की छोटी टोकरियों में मिट्टी बिछाकर गेहूं या जौं के दाने बोए जाते हैं। उसके बाद उन्हें रोजाना पानी दिया जाता है। करीब एक सप्ताह में इनमें अंकूर फूट आते हैं और भुजरिया उग आती हैं। आपको बता दें कि भुजरिया पर्व के दिन यही भुजरिया एक-दूसरे को बांटी जाती हैं और बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया जाता है। इसके अलावा इन भुजरियों की पूजा भी की जाती है ताकि इस साल अच्छी बारिश हो और फसल हो सके। आपको बता दें कि इन भुजरियों की पूजा अर्चना करने के साथ यह कामना की जाती है, कि इस साल बारिश बेहतर हो जिससे अच्छी फसल मिल सकें। दरअसल ये भुजरिया चार से छह इंच की होती हैं और नई फसल की प्रतीक होती हैं। भुजरिया को लेकर और नई फसल की प्रतीक होती हैं। भुजरिया को लेकर पौराणिक कथा है कि राजा आल्हा ऊदल की बहन चंदा से जुड़ी है। आल्हा की बहन चंदा जब सावन महीने में नगर आई तो लोगों ने कजलियों से उनका स्वागत किया था। तब से ही यह परंपरा चली आ रही है।

# खामरपानी चौकी प्रभारी रविन्द्र सिंह डोगरा को भावभीनी विदाई

## स्थानांतरण पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह पुलिस स्टाफ और क्षेत्रवासियों ने याद किया कार्यकाल

**नवभारत न्यूज**

**बिछुआ, 30 अगस्त, बिछुआ आदिवासी विकासखंड की खामरपानी पुलिस चौकी में पदस्थ चौकी प्रभारी रविन्द्र सिंह डोगरा के स्थानांतरण पर पुलिस चौकी परिसर में गरिमामय एवं भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पुलिस स्टाफ के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग, पत्रकार ,उपस्थित रहे।**

सभी ने रविन्द्र सिंह डोगरा के कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और आगामी जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। चौकी प्रभारी के रूप में रविन्द्र सिंह डोगरा ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया। उनके कार्यकाल के दौरान पुलिस चौकी एवं आम नागरिकों के बीच संवाद को मजबूत करने पर विशेष जोर रहा।

### सम्मान के साथ दी विदाई

समारोह के दौरान पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्रवासियों ने रविन्द्र सिंह डोगरा का सम्मान करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। उपस्थितजनों ने कहा कि पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन अधिकारी का व्यवहार और कार्यशैली लोगों के बीच लंबे समय तक याद रहती है। डोगरा के स्थानांतरण पर आयोजित विदाई समारोह में लोगों की भावनात्मक सहभागिता इसी का उदाहरण रही।

### पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय पर दिया जोर

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए रविन्द्र सिंह डोगरा ने कहा कि खमारपानी क्षेत्र में कार्य करने के दौरान उन्हें पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्रवासियों का लगातार सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां मिले सहयोग और स्नेह को वह हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करते रहने की अपील की।